आज
प्रयागराज, गुरुवार ८ अक्तूबर, २०२६
देश-विदेश
११

ज़ी सिनेमा पर मचेगा प्यार, कन्फ्यूजन और कामेडी का धमाल

'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

ज़ी सिनेमा इस शनिवार,10 अक्टूबर को रात 8 बजे डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। यह फिल्म वरुण धवन और उनके पिता डेविड धवन की चौथी साथ की फिल्म है। इससे पहले दोनों 'कुली नं. 1', 'जुड़वा 2' और 'मैं तेरा हीरो' में साथ काम कर चुके हैं।



टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी और रमेश तौरानी द्वारा निर्मित 'है जवानी तो इश्क होना है' एक टिपिकल डेविड धवन एंटरटेनर है, जिसमें उनकी खास कॉमेडी, दिल को छू लेने वाला पारिवारिक ड्रामा, रोमांस और भरपूर मनोरंजक अफरा-तफरी का शानदार मेल देखने को मिलता है। कहानी जस (वरुण धवन) की है, जिसकी अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) के साथ शादीशुदा जिंदगी में दूरियाँ आ चुकी हैं। इसी दौरान, इंग्लैंड में उसकी मुलाकात प्रीत (पूजा हेगड़े) से होती है। इसके बाद शुरू होता है गलतफहमियों, बदली हुई पहचान, उलझते रिश्तों, बड़े बड़े झूठ और मजेदार घटनाओं का ऐसा सिलसिला, जो दर्शकों को हँसी से लोटपोट कर देता है। डेविड धवन कहते हैं, सिनेमा में चार दशक से ज्यादा का सफ़र तय करने के बाद भी मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी आज भी अपने दर्शकों का मनोरंजन करना है। यह मेरी 46वीं फिल्म है और मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें वे सभी चीजें हों, जिन्हें लोग मेरे सिनेमा में पसंद करते हैं, जैसे हास्य, उलझन, संगीत और भावनाएँ। वरुण के साथ काम करना इसे और खास बना देता है, क्योंकि वह सिर्फ मेरा बेटा ही नहीं, बल्कि ऐसा कलाकार भी है,मृणाल ठाकुर कहती हैं,मैं हमेशा से कॉमेडी करना चाहती थी और यदि मुझे इस जॉनर में कदम रखना था, तो वह डेविड सर के साथ ही होना था। पूजा हेगड़े कहती हैं,इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है।वरुण धवन कहते हैं,है जवानी तो इश्क होना है मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसने मुझे एक बार फिर अपने पिता के साथ काम करने का अवसर दिया।

एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडियाने की दीपावली कैंपेन सेलिब्रेशन आफ ट्रस्ट की घोषणा

प्रयागराज -एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज एक शानदार दिवाली मनाने के लिए एक्सक्लूसिव ऑफर्स और एलजी के भरोसे के साथ अपने दिवाली कैंपेन सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट की घोषणा की। ये फेस्टिव ऑफर्स चुनिंदा होम अप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर उपलब्ध हैं जिनके फायदे घर को अपग्रेड करना आसान और ज़्यादा फायदेमंद बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इस लॉन्च के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए संजय चितकारा को-चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा हम उस भरोसे से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं जो भारतीय परिवारों ने सालों से हम पर जताया है। अपने %सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट कैंपेन के ज़रिए हमारा लक्ष्य आकर्षक कैशबैक आसान ईएमआई विकल्प, जीरो डाउन पेमेंट और एक्सटेंडेड वारंटी की पेशकश करके इस त्योहारी सीज़न को और भी ज़्यादा फायदेमंद बनाना है, ताकि अधिक से अधिक परिवार आसानी से अपने घरों में लेटेस्ट अपग्रेड्स ला सकें। हम अपने ग्राहकों को उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद देते हैं और सभी को एक खुशहाल व समृद्ध दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं।

आलोक तिवारी को डीएफसीसीआईएल के एमडी का अतिरिक्त प्रभार

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। १९८८ बैच के आईआरएसई अधिकारी आलोक तिवारी को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे रेलवे बोर्ड में एडिशनल मेंबर (ब्रिज) की जिम्मेदारी के साथ यह पद संभालेंगे। उन्होंने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया।

रेलवे अवसंरचना के क्षेत्र में ३६ वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले तिवारी इससे पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, दक्षिण पश्चिम रेलवे में प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर, गुंतकल के मंडल रेल प्रबंधक और आरवीएनएल में चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर-कम-ग्रुप जनरल मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने १,००० किलोमीटर से अधिक रेलवे अवसंरचना के निर्माण और कमीशनिंग में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। कार्यभार संभालने के बाद तिवारी ने डीएफसीसीआईएल में समीक्षा बैठक की। इसमें डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के संचालन, निर्माण, रखरखाव, सुरक्षा और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने रखरखाव में मैकेनाइजेशन और ऑटोमेशन, आधुनिक निर्माण तकनीक, प्रीकास्ट तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की योजना और विकास पर भी चर्चा हुई।

इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री रिकार्ड 74 प्रतिशत के पार

मुंबई। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ई.वी.) की खुदरा बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़कर 3.33 लाख इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान इलेक्ट्रिक कार की बिक्री भी करीब दोगुनी हो गई। उद्योग निकाय फाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा की ओर से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में देशभर में कुल 3,33,364 इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 1,91,497 इकाइयों की बिक्री हुई थी। इस दौरान इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 36,108 इकाई रही, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। एक साल पहले की समान अवधि में 18,559 इकाइयों की बिक्री हुई थी। फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि सितंबर में सभी श्रेणियों में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री का यह अबतक का सर्वाधिक मासिक स्तर है। इससे कुल वाहन बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करीब 13 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 10 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि त्योहारी मांग, कम परिचालन लागत, विभिन्न मॉडल की बढ़ती पसंद और पीएम ई-ड्राइव तथा राज्यों की योजनाओं से मिल रहा नीतिगत समर्थन इलेक्ट्रिक वाहनों को वैकल्पिक विकल्प से आगे ले जाकर बड़ी संख्या में खरीदारों के लिए प्रमुख विकल्प बना रहा है। सितंबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 88 प्रतिशत बढ़कर 2,07,314 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई और इनकी हिस्सेदारी 11.6 प्रतिशत रही।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०७वां वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०५.५२
सूर्यास्त : ०५.३९

तापमान
अधि. : ३३.८
न्यून. : २४.३

राज्यसभा चुनावने बता दिया विधानसभा चुनाव का परिणाम-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम बता दिया है। अब विधानसभा चुनाव में एनडीए के 80 फीसद का मुकाबला पीडीए के 20 फीसद से होगा। पीडीए का फिर क्या हाल होगा, तब पता चल जाएगा। वह बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जीपीओ स्थित पटेल पार्क में सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि पहले यूपी में एक जिला-एक माफिया समानांतर सत्ता चलाते थे। लेकिन अब एक जिला- एक मेडिकल कॉलेज, एक उत्पाद, एक व्यंजन है। कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान मिल रहा है। सेवा के संकल्प का कार्यक्रम अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है। पहले आवास समेत अन्य सुविधाएं नहीं थी। जनधन खाते खोलने पर



चुनावमें अखिलेशको पता चलेगा पीडीए का हाल

लोग डिजिटल इंडिया का मखौल उड़ाते थे। यह कांग्रेस व इंडी गठबंधन की बेईमानी पर प्रहार था। अब डीबीटी के जरिए महिला, किसान, युवा, गरीब, श्रमिकों आदि के खाते में सीधे पैसा जाता है। पीएम मोदी ने असंभव को संभव बनाया। करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, रसोई गैस कनेक्शन, स्टार्टअप का इकोसिस्टम, हाईवे-एक्सप्रेसवे का नेटवर्क, यूपी में इनलैंड वाटरवे की सुविधा दी। पहले एक चिप के लिए दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था। अब देश में सेमीकंडक्टर के 12 से अधिक उद्योग क्रियाशील हैं। निवेश भी हो रहा है। पहले भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया पर निर्भर था। अब हजारों करोड़ रुपये के डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग प्रोडक्ट अन्य देशों को भेज रहा है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सांसद मेधा कुलकर्णी, ब्रजलाल, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, विधायक पंकज सिंह, नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, जय देवी, राजेश्वर सिंह, ओपी श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निकाला वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च

हरिद्वार (एजेंसी) एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने हरिद्वार में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च निकाला। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। मार्च की शुरुआत शिवमूर्ति से हुई और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए शहीद पार्क, कोतवाली हरिद्वार के सामने तक पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई और चुनाव आयुक्त के इस्तीफे व गिरफ्तारी की मांग की।

डिजिटल केसीसी में यूपी ने रचा इतिहास, बना देश में नंबर वन

लखनऊ (आससे.)। खेती-किसानी में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच उत्तर प्रदेश ने डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड (ई-केसीसी) के क्षेत्र में देश में नया मुकाम हासिल किया है। प्रदेश में अभी तक एक लाख से अधिक किसान ई-केसीसी पोर्टल या एप के जरिए आवेदन कर चुके हैं। महज आठ महीने में एक लाख का आंकड़ा पार करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत फरवरी में नाबार्ड द्वारा संचालित डिजिटल केसीसी सुविधा का शुभारंभ किया, जिसके बाद प्रदेश में इस पहल ने रफ्तार पकड़ी।खासकर लघु और सीमांत किसानों के लिए डबल इंजन सरकार की यह योजना कृषि ऋण तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। अब किसानों को ऋण लेने के लिए बार-बार बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

वोट चोरी की दाल में कुछ काला नहीं,बल्कि पूरी दाल ही काली है-आराधना

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा दिया था, लेकिन संविधान रक्षक नागरिकों ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को आधा कर दिया और भाजपा की सत्ता को बैसाखियों पर ला दिया। इसके बाद भाजपा ने संविधान पर प्रहार का दूसरा रास्ता निकाला और एसआईआर के नाम पर देश के करोड़ों लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र रचा गया। जारी बयान में उन्होने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा और संविधान रक्षक राहुल गांधी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इस असंवैधानिक प्रक्रिया के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होने कहा कि वोट चोरी की दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। उन्होने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश ने भाजपा को सबक सिखाया, उसी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को सबसे ज्यादा हटाया गया। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाराणसी से सांसद प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं कि जब मतदाता सूची में सबसे ज्यादा नाम उत्तर प्रदेश से ही काटे गए तो आपने आपत्ति लेना तो दूर, मतदाताओं से छीने गए अधिकारों को ही सही ठहराने का काम क्यों किया। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता केवल एक संख्या नहीं है, वह संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है। किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाना केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं बल्कि उसके लोकतांत्रिक अधिकार को प्रभावित करने वाला गंभीर कदम है। कांग्रेस संविधान और मताधिकार पर किसी भी प्रकार का हमला स्वीकार नहीं करेगी। संविधान बचेगा, लोकतंत्र बचेगा और जनता का वोट बचेगा।

स्क्रूटनी के बाद खण्ड स्नातक के पांच और खण्ड शिक्षक का एक नामांकन निरस्त

लखनऊ (आससे.)। राजधानी में लखनऊ मण्डल में विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन के मण्डलायुक्त व रिटर्निंग ऑफिसर विजय विश्वास पंत द्वारा बताया गया कि मण्डलायुक्त कार्यालय कक्ष संख्या एक न्यायालय आयुक्त लखनऊ मण्डल में विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन में जनपद की नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत आज सभी नामांकन आवेदकों के नामांकन प्रपत्रों की जांच व स्क्रूटनी की गयी।जिसमे कुल छह नामांकन खारिज किये गये। मण्डलायुक्त व रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा बताया गया कि सभी प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों की नियमानुसार गहन जांच की गई है।

अहमदाबाद के 10 निजी स्कूलों सहित देश के दो स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को करीब 10 निजी स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में पहुंचकर जांच शुरू की। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने धमकी को फर्जी बताया है। पुलिस के मुताबिक, धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि बुधवार सुबह इन स्कूलों में बम धमाके किए जाएंगे। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' से जुड़ा बताया था। हालांकि, जांच में अभी तक इस संगठन से धमकी का कोई संबंध सामने नहीं आया है। धमकी मिलने के बाद पुलिस के साथ बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी-सैबोटाज टीमों को स्कूलों में भेजा गया। टीमों ने स्कूल परिसरों की गहन तलाशी ली, लेकिन कहीं भी बम या कोई अन्य संदिग्ध सामान नहीं मिला। डीसीपी जोन-7 शिव वर्मा ने बताया कि करीब 10 स्कूलों को ईमेल भेजकर सुबह बम धमाके किए जाने की बात कही गई थी। पुलिस टीमों ने सभी स्कूलों की अच्छी तरह जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। ईमेल में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 1 नवंबर और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 21 नवंबर को बम धमाके करने की धमकी भी दी गई। इन दोनों तारीखों पर गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट होने हैं। ईमेल में लोगों को इन कार्यक्रमों में शामिल न होने की चेतावनी भी दी गई थी। अधिकारियों के अनुसार, अहमदाबाद में इससे पहले भी कई स्कूलों, अदालतों और अन्य संस्थानों को इसी तरह की फर्जी बम धमकियां मिल चुकी हैं। फिलहाल पुलिस ईमेल के स्रोत और इसे भेजने वाले व्यक्ति की पहचान की जांच कर रही है।

एक ब्रांड, एक दवा, एमआरपी अलग अलग, एफएसडीए की जांच में सामने आया बड़ा गोलमाल

लखनऊ (आससे.) ।दवाओं की कीमतों में पारदर्शिता को लेकर उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की जांच में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। प्रदेश के 214 अस्पतालों की फार्मेसियों से जुटाए गए आंकड़ों के विश्लेषण में एक ही कंपनी और एक ही ब्रांड की दवा की अलग-अलग संस्थागत आपूर्ति में अलग-अलग एमआरपी दर्ज मिली है। 167 औषधियों की सूची में से कई प्रमुख ब्रांड की दवाओं में यह अंतर कुछ सौ रुपये से लेकर हजारों रुपये तक है। इनमें महंगी और गंभीर रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी शामिल हैं।एफएसडीए ने विगत दिनों ड्रग सेफ्टी के तहत प्रदेश के 214 अस्पतालों की फार्मेसियों की जांच की थी। इस दौरान विभिन्न दवाओं और मेडिकल उत्पादों से संबंधित आंकड़े जुटाए गए। तुलनात्मक अध्ययन में खास तौर पर यह देखा गया कि एक ही कंपनी और एक ही ब्रांड की दवा जब अलग-अलग संस्थानों को संस्थागत आपूर्ति के रूप में दी गई, तो उस पर अंकित एमआरपी में क्या अंतर है। जांच में सामने आए इन अंतर को विभाग ने दवा कीमतों में पारदर्शिता और मरीजों के हित के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना है। विभाग के द्वारा तैयार की गई 167 दवाओं की सूची भारत सरकार के साथ भी साझा की गई है।विभाग के अनुसार, एक ही ब्रांड और एक ही दवा की अलग-अलग प्रतिष्ठानों में अलग-अलग एमआरपी होना उपभोक्ता मूल्य निर्धारण में गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कीमतों में वार्षिक संशोधन की गुंजाइश है, लेकिन किसी भी वृद्धि को 10 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही रखा जाना चाहिए। इसके विपरीत, अलग-अलग संस्थानों में एक ही उत्पाद की एमआरपी में बड़ा अंतर यह संकेत देता है कि कीमतें किसी एक समान मानक के आधार पर निर्धारित होने के बजाय बाजार की मांग और खरीदार की जरूरत के अनुसार प्रभावित की जा रही हैं। एफएसडीए की जांच में सामने आया है कि एक ही दवा की अलग-अलग एमआरपी कई बार फार्मा कंपनियों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच तय होने वाली व्यावसायिक शर्तों से प्रभावित होती हैं।

नेपाल में फिर बिगड़ा मौसम : भारी बारिश के बाद बाढ़ का मंडराया खतरा, कई नदियों का जलस्तर बढ़ने की मिली चेतावनी

काठमांडू। (एजेंसी)। नेपाल के कुछ हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने कई पश्चिमी जिलों की छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ने और अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की।हाइड्रोलॉजी और मौसम विज्ञान विभाग के %बाढ़ पूर्व चेतावनी सिस्टम% ने बताया कि अर्घाखांची जिले के सिमलपानी जल मापन केंद्र पर तीन घंटे में 84.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने चेतावनी दी कि इस इलाके और आसपास के क्षेत्रों की छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ सकता है।विभाग ने यह भी बताया कि बांके और बर्दिया जिलों में कई जगहों पर तीन घंटे के दौरान मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ने और अचानक पानी का बहाव तेज होने की आशंका है। एक अलग चेतावनी में, विभाग ने कहा कि दारचुला, बैतडी, बझांग, डोटी, डडेलधुरा, बांके, बर्दिया, कैलाली और कंचनपुर तथा आसपास के इलाकों की छोटी नदियों में अचानक बाढ़ आने का मध्यम खतरा है।देश के कई अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई है। नेपाल के राष्ट्रीय प्रसारक %रेडियो नेपाल ने मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से बताया कि चितवन, पाल्पा और कैलाली में भारी बारिश हुई, जबकि नवलपुर, तनहुं, गोरखा, अर्घाखांची और रूपंदेही में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। लुंबिनी और सुदूरपश्चिम प्रांतों के कुछ हिस्सों के साथ-साथ बागमती, गंडकी और कर्णाली के पहाड़ी इलाकों में भी भारी बारिश की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक मौसम के अस्थिर रहने की उम्मीद है। शुक्रवार तक आंधी-तूफान, बिजली गिरने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग को उम्मीद है कि शनिवार से हालात धीरे-धीरे बेहतर होंगे। यह ताजा बारिश ऐसे समय में हुई है जब नेपाल पहले आई बाढ़ और भूस्खलन के असर से जूझ रहा है।

इंडिगो फ्लाइट पर बिजली गिरी, लखनऊमें इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (आससे.)। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट बुधवार शाम खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। विमान की नोज क्षतिग्रस्त हो गई। उस समय विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर था। लेकिन, पायलट ने सूझ-बूझ से विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। घटना के समय विमान में 150 यात्री सवार थे।जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो विमान (6श्च925) ने पटना एयरपोर्ट से बुधवार दोपहर 3''10 बजे उड़ान भरी।

पृष्ठ एक का शेष

जंतर-मंतर..

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रहा है। खड़गे ने कहा, चाहे कितने भी केस करने दो, कितना भी डराने दो, हम डरने वाले नहीं हैं। देर शाम पुलिसने सख्तीसे राहुल और प्रियंकाको हिरासत में लिया लेकिन दो घंटे के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। कई सांसदोंको हिरासतमें ही समाचार लिखे जाने तक रखा गया था।

खड़गे की लंच...

सुधाकर सिंह ने कहा कि एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन देशभर में जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं ने अपने कर्तव्य से समझौता किया है और अब यह लड़ाई सड़कों पर लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि संविधान के अनुसार शासन सुनिश्चित करना भी जरूरी है। सीपीआई सांसद पी. संतोष कुमार ने दावा किया कि यह आंदोलन अब देशव्यापी मुद्दा बन चुका है और इसे व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। विपक्षी दलों ने छह अक्टूबर को एसआईआर के विरोध में निर्वाचन सदन तक मार्च किया था, जिसे पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया था। विपक्ष इसे अपने 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान का हिस्सा बता रहा है।

हंदवाड़ा...

आतंकियों के ठिकाने के पुख्ता इनपुट मिले थे। इसके आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दल ने इलाके की घेराबंदी कर एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान एक भूमिगत गुफा जैसी संरचना मिली। गहन जांच की गई तो ठिकाने से एक एके-47 राइफल व इसके 857 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड, पीका गन के 192 कारतूस, असाल्ट राइफल की आठ मैगजीन, एक साइलेंसर, पिस्तौल के 83 कारतूस समेत काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि बरामद हथियार और गोला-बारूद काफी समय से इस ठिकाने में छिपाकर रखा गया था। इसका इस्तेमाल कश्मीर में शांति भंग करने या सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए किया जा सकता था। ठिकाने को पूरी तरह नष्ट करने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे जंगल क्षेत्र में अतिरिक्त बलों के साथ सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया है।इस संबंध में हंदवाड़ा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पता लगा रही हैं कि यह ठिकाना किस आतंकी संगठन से जुड़ा था और इसके पीछे किन मददगारों का हाथ था।

२०२७..

लोगों की धमनियों में आत्मविश्वास दौड़ता हो, उसे कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के योगदान को नमन करते हुए कहा कि देश की प्रगति सामूहिक प्रयास से ही संभव है। उन्होंने 'सबका प्रयास' का मंत्र दोहराते हुए कहा कि देशवासियों का संकल्प स्पष्ट है- हम करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक और कृषि प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और 2015 से 2025 के दशक में कृषि क्षेत्र में आजादी के बाद सबसे अधिक और लगातार वृद्धि देखने को मिली। उन्होंने वोट के आधार पर समाज को बांटने की प्रवृत्ति को चुनौती बताते हुए कहा कि समस्याएं जब सबकी हैं तो उनका समाधान भी सभी के लिए होना चाहिए।

राहुल-प्रियंका...

लोग घायल हुए। पार्टी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष और जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर यह कार्रवाई संविधान पर हमला है।वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस ज्ञानेश कुमार को पद से हटाए जाने और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पूरी तरह बहाल होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने पार्टी की सभी प्रदेश, जिला और ब्लॉक इकाइयों से तत्काल प्रभाव से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

प्रदर्शन...

सुरक्षा तथा साक्ष्य के रूप में उपयोग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने की मांग की गई थी।अदालत ने कहा कि बॉडी कैमरों के उपयोग को पहले से जारी निविदाओं और यातायात पुलिस द्वारा उनके इस्तेमाल से समझा जा सकता है। हालांकि एसओपी के अस्तित्व के बारे में जानकारी नहीं है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा द्वारा दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए खंडपीठ ने केंद्र को छह महीने के भीतर एसओपी तैयार करने पर निर्णय की जानकारी याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया। अगर सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती तो याचिकाकर्ता दोबारा अदालत जा सकते हैं। यह याचिका जुलाई 2026 में जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से जुड़े प्रदर्शनों के बाद दायर की गई थी, जिसमें पुलिस द्वारा बल प्रयोग और अन्य आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल दिल्ली पुलिस तक सीमित नहीं बल्कि समग्र पुलिस व्यवस्था से जुड़ा है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

पूर्वांचल...

ग्रामीणों के अनुसार नित्यानंद क्रिकेट खेलने के लिए लखनऊ गए थे और प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद साथियों के साथ वापस लौट रहे थे। एक साथ चार खिलाड़ियों की मौत से मईल और लार क्षेत्र के गांवों में मातम पसरा है। खेल प्रेमियों और क्षेत्र के लोगों में भी शोक है। हादसे की खबर के बाद चारों परिवारों के घर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया और गांवों में पूरे दिन घटना की चर्चा होती रही।

हेनरी...

सोई जापान से हैं। दोनों की खोजों ने असममित कार्बनिक संश्लेषण को समझने और नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरुआत 5 अक्तूबर को मेडिसिन के पुरस्कार से हुई थी। इसके बाद 6 अक्तूबर को फिजिक्स के नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया। अब केमिस्ट्री का पुरस्कार घोषित किया गया है।

प्रधानमंत्रीने देशको...

करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा गांव-गांव गए, सेवा के साथ संवाद किया और लोगों के बीच योजनाओं की चर्चा की। आज का दिन विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प लेने का भी दिन है। प्रधानमंत्री मोदी को इतिहास निर्माता बताते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों को पलटने, इतिहास गढ़ने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने की क्षमता रखने वाला ही इतिहास का निर्माणकर्ता बन सकता है। पिछले 25 वर्षों को पीछे मुड़कर देखने पर यह साफ दिखाई देता है। कच्छ से निकला मलबा गुजरात के नवनिर्माण का आधार बना और वहां से उठी चीखें जनभावना की आवाज बनीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर हर महादेव के नारे के साथ किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का काशी की पावन धरा पर काशीवासियों की तरफ से स्वागत किया। सुरक्षित एवं विकसित असम के लिए हिमंता विश्व शर्मा का भी स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के हेड ऑफ स्टेट के रूप में 25 वर्ष पूरे होने पर यात्रा के काशी में आगमन पर हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश की स्थिति किसी से छिपी नहीं है, जमीन पर अवैध कब्जा, महिलाओं के साथ खिलवाड़, अराजकता चरम पर थी लेकिन आज माफिया मिट्टी में मिला, अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना, काशी विश्वनाथ धाम अपने नए स्वरूप में आगे आया, मां विंध्यवासिनी का भव्य कारीडोर बना, दिव्य और भव्य कुंभ भी बना। आज उत्तर प्रदेश एक नए आयाम स्थापित किया है। सेवा संकल्प अभियान प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले वर्षों में काशी को बदलते देखा गया।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026

मेष- आर्थिक प्रगति, दाम्पत्यजीवन सुखद, धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।
वृषभ- मन उदास, शारीरिक कष्ट, समस्याएं उपस्थित, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, व्यर्थ भ्रमण।
मिथुन- भाग्योदय, आय के नवीन स्रोत, जनकल्याण की भावना जागृत, धार्मिक यात्रा सकुशल।
कर्क- स्वनिर्णय लाभकारी, प्रियजनों से मधुरता, परिवार में खुशी, बकाए धन की प्राप्ति।
सिंह- व्यवसायिक सफलता, नौकरी में प्रोन्नति, विवादास्पद मसला हल, यात्रा संतोषजनक।
कन्या- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, स्वास्थ्य विपरीत, क्रोध की अधिकता, धनहानि की आशंका।
तुला- समय संतोषजनक, सुसंदेश की प्राप्ति, प्रियजनों से विचारविमर्श, मनोकामना पूर्ण।
वृश्चिक- महत्वपूर्ण घटना घटित, उत्तरदायित्व की पूर्ति, गलतफहमियाँ दूर, हर्ष का वातावरण।
धनु- उच्चाधिकारियों से सपर्क, विवाद का समापन, उपहार का लाभ, मनोविनोद के अवसर।
मकर- अनावश्यक खर्च, विरोधी प्रभावी, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, राजनीतिक उलझने।
कुम्भ- कठिनाइयों का निवारण, कुछेक मसले हल, परोपकार की भावना, धर्मकर्म में रुचि।
मीन- परिवार में हर्षोल्लास, विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, उपहार का लाभ।

आज है जिनका जन्मदिन — 8 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। उत्साही, एकान्तप्रिय व परिश्रमी व्यक्ति होंगे। आपकी इच्छा दृढ़ होगी। अपना कार्य स्वयं ही करने में विश्वास करेंगे। व्यर्थ का दिखावा व तड़क-भड़क पसन्द नहीं करेंगे। उत्तरदायित्व को निभाने में पूर्ण रूप से सक्षम होंगे। क्षण में ही सफलता क्षण में ही असफलता का सामना करना पड़ेगा। जिससे कई बार सफलता में गतिरोध उत्पन्न होगा। स्पष्टवादी प्रवृत्ति का होने के कारण दूसरों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। मित्रों के लिए एक बेहतर मित्र साबित होंगे लेकिन शत्रुओं के लिए आपके दिल में कोई रहम नहीं रहेगा। बहुत जल्दी क्रोधित हो जायेंगे। साहसिक कार्यों में आपकी रूचि रहेगी। अनुशासन के प्रति कठोर रूख अपनाएँगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना बराबर करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। शनिग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ कें केतवें नमः
व्रत : मंगलवार
दिन : रविवार, सोमवार एवं बुधवार
दिनांक : 7, 16, 25
अंक : 1, 2, 7
मास : जनवरी, मार्च एवं अक्टूबर
वर्ष : 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70
रंग : गुलाबी एवं पीला
जन्मरत्न : लहसुनिया उपरत्न : लाजवर्त
जड़ी : असगंध की जड़ दिशा : वायव्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू ४०७७

	7		2					
8		4				1		
	2		6		9			
		3	7					
						4	8	
				1				6
	6							9
				4				

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नी-नी खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हर खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

हल ४०७६ सुडोकू

7	1	4	6	3	9	5	8	2
5	2	8	4	1	7	6	3	9
3	9	6	8	5	2	4	7	1
9	4	5	3	2	8	7	1	6
6	8	1	9	7	5	3	2	4
2	7	3	1	6	4	9	5	8
4	3	2	7	8	6	1	9	5
1	5	9	2	4	3	8	6	7
8	6	7	5	9	1	2	4	3